ओ३म्

वैदिक संस्कृति का उद्घोषक




# वैदिक सार्वदेशिक

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली का साप्ताहिक मुख-पत्र

शुल्क :- एक प्रति 5 रुपया (भारत में) वार्षिक 250 रुपये तथा आजीवन 2500 रुपये

वर्ष 13 अंक 42 | कुल पृष्ठ-12 | 14 से 20 जून, 2018 | दयानन्दाब्द 194 | सृष्टि सम्वत् 1960853119 | सम्वत् 2075 | सा.शु.-02

# अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन



## का उद्घाटन समारोह

**6 जुलाई, 2018 को सायं 4 बजे**

**7 जुलाई, 2018 को**

## विशाल शोभायात्रा का आयोजन

**आर्य जगत् के आचार्य, आचार्याओं, आर्य नेताओं एवं गणमान्य महानुभावों की उपस्थिति में**

## 8 जुलाई को समापन समारोह

**गुरुकुल महासम्मेलन में भाग लेने के लिए आर्य जगत् में भारी उत्साह**

**सम्मेलन की तैयारियाँ पूर्ण**

**निश्चित उद्देश्य से सम्मेलन को भव्य रूप से सफल करने के लिए सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान**

## स्वामी आर्यवेश जी का तूफानी दौरा



रांची हवाई अड्डे पर सभा प्रधान जी का भव्य स्वागत

**हजारों की संख्या में बिहार और झारखण्ड से आर्यजन सम्मेलन में पधार रहे हैं।**

सम्पादक - प्रो. विट्ठलराव आर्य

## SOCIO-PHILOSOPHICAL THEME ON

# GURUKUL EDUCATION POLICY



(On the occassion of Antar Rashtreeya Gurukul Mahasammelan-
INTERNATIONAL CONFERENCE ON GURUKUL EDUCATION POLICY)
ON 6th, 7th, 8th July 2018 at Haridwar

- Prof. Vithal Rao Arya
Gen. Secretary, Sarvadeshik Arya Pratiidhi Sabha

Since the inception of human civilization across different continent of this planet earth; almost all clans of human were leading natural life-style in convergence with their respective ecosystem as mentioned in Vedas. Almost all clans were accepting God as supernatural force and creator of this universe.They were consuming natural resources sustainably to fulfill their survival needs only. In the running course of time division of society has taken place on self and selfless philosophy and this is nothing but the thinking of untilising the immense resources for self and other theory selfless i.e. to protect the nature and refill it though they use the resources only for their need, Later because of misconception of philosophy it created the foundation of Caste, Class, Sects, and Religion based division of the human society, and with due course of Scientific advancements; atheism emerged and humans deviated from the path of cohesive - ethical values and segregated themselves from other living creatures and nature. This led to exploitation of natural resources. This deviated journey is still continuing in contemporary world order; as most of the countries have adopted the path of materialism, consumerism, protectionism, and regional disfavoured as well as territorial boundaries based on hatred and so on. On the name of religion; dynasty and development; thousands and thousands of heinous homicide were done to eliminate specific human clans from this planet and it is still continuing on the name of so called modern development. But, when the present development challenges the very existence of human and living beings then question arise,"what for this development is?"

Science and technology has taken the globe towards a new era and created unimaginable communication systems and other facilities. The modern development on the basis of science and technology has brought the world nearer but the present developed world is facing with some of the severe deficiencies in various fields leading towards the imbalance of ecology. Human demographics as a whole are suffering with consequences of exploitation of natural resources which is questioning on very basic existence of human being and as well as on existing of living being.

However, UNITED NATIONS have formulated Sustainable Development Goals 2030 to check and balance this scenario but its very existence and relevance has become a matter of debate due to its financial dependability on developed nations, non-legal binding natures of its treaties and conventions as well as lack of empowered enforcement system. United Nation is asking all the countries world wide, particularly putting a target to developed countries to see that initiatives would be taken to provide pure drinking water, pure air, protect forests, reduce climate change and global warming and also demanding to take health care to all and worldwide. The sustainable development goal agenda is on basic needs of the human and living beings. If the above demands are not met by the end of 2030, the so called modern science and technological development will certainly lead to the disaster of whole nature including all living beings. Even if it is met to some extent but without love and affection, kindness, justice and compassion, the human society will be at highest degree of hopelessness.

Unfortunately, the whole humanity today divided on the considerations of caste, class, creed, religion and like. The World is beset with the bane of hunger, disproportionate possession of wealth etc. The World does not follow the humanistic values. If this existing situation continues then the World miss the last chance of survival.

This modern development has already spoiled the living conditions of marginalized in poor across the world in spite of having the International Organisations and its regulatory frame works. This so called modern development is lacking with basic ideology and philosophy of cohesiveness, non-violence and human relations. The present global education system is demanding a paradigm shift in socio-economic and educational system. Education should be on need based policy of development which could strongly advocate for conservation and protection of natural and ecological balance and what the Veda or oldest Indian Education System says :

**यत्र विश्वम् भवत्येकनीडम्** Or **'वसुधैव कुटुम्कम्'**

Or

ओ३म् द्यौः शान्तिरन्तरिक्षंशान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः।
वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्वंशान्तिः शान्तिरेवः शान्तिः सामा शान्तिरेधि।।

The Education system requires a revolutionary change in India. Not only India but throughout the world. The oldest Indian education system which is logically best and having a scientific temper is only the remedy which creates a friendly human society, a friendly nature system based on need instead of greed and also creates the casteless, classless, raceless and a society of human relations irrespective of religions. Hence the Vedic educational system which will be called as Gurukul Education System is the need of the present society. This system has socio-economic relevance with scientific potential. Vedas are not having the ritualistic content but has logical and scientific knowledge, thus it has its socio-economic and scientific significance and more particularly with sustainable development ideology.

**RATIONALE**

Through Proposed World Conference on Gurukul Education System which is to be held in Haridwar, Uttarakhand on 6th, 7th & 8th Julyof 2018 will be an attempt to find out a solution to the present education system based on oldest, logically best with scientific temper to combat the menaces of present modern development and also to meet the challenges of climate change, economic disparity, poverty, hunger, illiteracy and other discriminations. The International Conference on Gurukul Educational Policy and sustainable development will seriously discuss on all issues related to the ecology, humanity and sustainable socio-economic development with a human touch. Hence this will be a great oppurtunity to gather about 150 Gurukuls ( including their students and acharyas , about 25000) functioning in India and abroad with their pilot projects for last 100 or more than 100 years.

## AN INTRODUCTION TO INTERNATIONAL CONFERENCE OF GURUKULS ON

शेष पृष्ठ 4 पर

# अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन हरिद्वार

## दिनांक–6 से 8 जुलाई, 2018 के सम्बन्ध में

# आवश्यक सूचनाएँ

### आप अपने आने की सूचना अग्रिम दें

जो महानुभाव तथा जो गुरुकुल इस महासम्मेलन में आना चाहते हैं उनसे प्रार्थना है कि वे अग्रिम रूप से अपने आने की सूचना सार्वदेशिक सभा के कार्यालय "दयानन्द भवन" 3/5 आसफ अली रोड, नई दिल्ली–2 में अविलम्ब देने की कृपा करें। ताकि आपके आवास तथा भोजन आदि की समुचित व्यवस्था की जा सके।

### देश–विदेश के सभी गुरुकुल महासम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए तैयारी करें

देश–विदेश में चल रहे छात्र एवं छात्राओं के समस्त गुरुकुलों के आचार्यों, आचार्याओं एवं व्यवस्थापकों से सानुरोध प्रार्थना है कि वे अपने–अपने गुरुकुलों के सभी छात्रों को महासम्मेलन में लाने की योजना बनायें। इस अवसर पर गुरुकुलों के आचार्यों का महासम्मेलन की ओर से अभिनन्दन भी किया जायेगा।

### गुरुकुलों के छात्र एवं छात्राएँ महासम्मेलन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने की तैयारी करें

गुरुकुल महासम्मेलन में प्रयास किया जायेगा कि गुरुकुलों के छात्र एवं छात्राओं को अपनी प्रतिभा का परिचय देने के लिए विभिन्न सम्मेलनों में अवसर दिया जायेगा। अतः आप सब अभी से वेद, दर्शन, अष्टाध्यायी आदि ग्रन्थों को कंठस्थ करने तथा भाषण एवं नाटक आदि तैयार करने में जुट जायें।

### 6 से 8 जुलाई, 2018 को कोई अन्य कार्यक्रम न रखने की अपील

अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन के अवसर पर 6 से 8 जुलाई, 2018 को कोई भी आर्य समाज एवं संस्था अन्य कोई कार्यक्रम आयोजित न करके हरिद्वार पहुँचने की कोशिश करें। इससे आर्य समाज का संगठन अनुशासित एवं प्रभावशाली बनेगा। हम सभी के प्रयास एवं सामूहिक शक्ति प्रदर्शन से हम अपनी बात सरकार से मनवाने में अवश्य सफल होंगे।

### आओ! गुरुकुल महासम्मेलन को सफल बनायें

हमारी यह हार्दिक इच्छा है कि अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन सभी प्रकार के मतभेद भुलाकर किया जाये। अतः आर्य समाज के समस्त नेताओं, अधिकारियों तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से सानुरोध प्रार्थना है कि हम सभी इस कार्यक्रम के माध्यम से एक मंच पर एकत्रित होने का मन बनायें ताकि समस्त आर्य जनता उत्साह एवं उमंग से ओत–प्रोत हो जाये।

### दान की अपील

महासम्मेलन की व्यवस्था के लिए विपुल धनराशि की आवश्यकता होगी। अतः सभी आर्य समाजों तथा दानवीरों से सानुरोध प्रार्थना है कि वे वैदिक संस्कृति एवं आर्ष शिक्षा प्रणाली को प्रतिष्ठित करने वाले इस महायज्ञ में अपनी आहुति अवश्य डालें। इसके लिए आप अपनी संस्था, आर्य समाज या व्यक्तिगत रूप से दान देकर तथा अपने प्रयत्न से दान संग्रह करके सम्मेलन हेतु भिजवाकर हमारा सहयोग करें। बूंद–बूंद से घड़ा भरता है अतः प्रत्येक आर्य एवं गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के समर्थक को इस अवसर पर प्रयास करना चाहिए कि अधिक से अधिक लोगों के पास जाकर धन एकत्रित करें तथा उन्हें महासम्मेलन में आने का निमंत्रण दें।

– स्वामी आर्यवेश
प्रधान, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली–2

# गुरुकुलों के समस्त सम्माननीय आचार्यों से विनम्र निवेदन

अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन, हरिद्वार में 6, 7, 8 जुलाई, 2018 को गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार, विद्यालय विभाग के प्रांगण में अत्यन्त उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जा रहा है। इस महासम्मेलन में देश–विदेश के समस्त गुरुकुलों के आचार्य तथा ब्रह्मचारी/ब्रह्मचारिणियाँ भारी संख्या में भाग लेंगे तथा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन भी करेंगे। इस अवसर पर देश–विदेश के समस्त गुरुकुलों के इतिहास की एक शानदार प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी जिसके लिए समस्त गुरुकुलों के विवरण की आवश्यकता पड़ेगी। विवरण में गुरुकुल का स्थान तथा पूर्ण पता, गुरुकुल की स्थापना का वर्ष, गुरुकुल के संस्थापक का नाम, ब्रह्मचारी तथा ब्रह्मचारिणियों की संख्या, गुरुकुल की आय का साधन, आचार्यों की संख्या, गुरुकुल के छात्रों की विशेष गतिविधियाँ, गुरुकुल द्वारा संचालित अन्य प्रकल्प तथा अन्य विशिष्ट जानकारी जो आप दे सकते हैं उसे अविलम्ब सार्वदेशिक सभा के कार्यालय "महर्षि दयानन्द भवन" 3/5 आसफ अली रोड, नई दिल्ली–110002 में भिजवाने की कृपा करें। इसकी एक प्रति गुरुकुल प्रदर्शनी के संयोजक **आचार्य धनन्जय जी,** श्रीमद्दयानन्द आर्ष ज्योतिर्मठ, गुरुकुल, आर्य पुरम दूनवाटिका–2, पौंधा, देहरादून–248007 (उत्तराखण्ड), मो. :–9411106104 को भी भिजवाने की कृपा करें। जिससे प्रदर्शनी में आप द्वारा भेजे गये विवरण का उपयोग किया जा सके। आशा है आप अपने गुरुकुल का विवरण अविलम्ब भिजवाने की कृपा करेंगे।

**विशेष निवेदन** :– समस्त गुरुकुलों और आर्यजनों समेत एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन भी अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन के संदर्भ में किया जा रहा है। अतः समस्त गुरुकुलों और आर्य समाजों से निवेदन है कि वे अपने–अपने नाम पट्ट (बैनर) लेते आयें। प्रदर्शनी में रखने हेतु गुरुकुल से सम्बन्धित जानकारी का बैनर भी फोटो सहित बनवाकर लायें तो अधिक सुविधा रहेगी।

– प्रो. विट्ठलराव आर्य, मंत्री, सार्वदेशिक सभा

पृष्ठ–2 का शेष

# GURUKUL EDUCATION POLICY

**ALTERNATIVEAND SUSTAINABLE EDUCATION POLICY 2018 :**

The founder of Arya Samaj Maharshi Dayanand Saraswati condemning the superstitious believes of society advocated about the logical, scientific knowledge of Vedas and proposed a syllabus for more scientific development of the society with a human touch. His was the inclusive policy of nature along with all living beings. Dayananda's idea thatVeda and its Gurukul Education System contains truth of science as well as science of true religion. Based on this later the activists of Arya Samaj has established several Gurukuls in which all students have been given equal opportunity with equal facilities without any discrimination. Swami Shraddhanand was the pioneer and estabilished the Gurukuls and its Education system. He estabilished the first Gurukul by name Gurukul Kangadi at Haridwar. Even today after more than 100 years in all parts of India Arya Samajists are running about 200 pilot projects of best education system with high dignity of humanity without any discrimination based on colour, caste, class and religion etc. and with committed pledge to dedicate themselves for the upliftment of society and Nation.

The Sarvadeshik Arya Pratinidi Sabha, NewDelhi an apex body of AryaSamaj decided to organize an International Conference on Gurukul Education System and its policy on sustainable development and morals are the part of it. It has also been decided to propose an alternative education policy not only for India but for the whole World and to organise conference in such a manner so that Gurukul Ideology based on Vedas could be glorified all over the World. As United Nations identified similar challenges to ensure sustainable development , so decision has been taken to organise an International Conference of Gurukula's on 6th, 7th and 8th July 2018 at Gurukul Kangadi Venue in Haridwar, Uttarakhand, and is supposed find out solutions to combat the menaces which World is confronting today.

OBJECTIVES OF INTERNATIONAL CONFERENCE ON GURUKUL EDUCATION SYSTEM 2018

The conference has three fold objectives :

* To dispel misconceptions about the Gurukul Education System or Aarsh Education System of Vedas and to project Gurukul Education system in proper perspective;

* To inculcate the spirit of NEED BASED SOCIO-ECONOMIC AARSH EDUCATION SYSTEM AND DEVELOPMENT WITH AN HUMAN TOUCH

* To focus on UN identified and declared subjects for Sustainable Development Goals 2016-2030 alongwith human values to protect the nature and humanity and develop human relations.

**(All are welcome to Gurukul Sammelan)**

## अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन के अवसर पर साहित्य तथा अन्य विक्रेताओं के लिए

## स्टालों का आरक्षण प्रारम्भ, पहले आओ – पहले पाओ

अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन के अवसर पर आयोजित पुस्तक मेले के लिए स्टालों का आरक्षण प्रारम्भ हो गया है। इस अवसर पर देश–विदेश के हजारों आर्यजन तथा गणमान्य व्यक्ति पधारेंगे जिससे पुस्तक विक्रेता भाईयों को वैदिक साहित्य के प्रचार–प्रसार का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। अन्य सामग्री विक्रेताओं के लिए भी स्टाल उपलब्ध है। 15X15 के स्टाल बनाये जायेंगे जिनका शुल्क मात्र 3 हजार रुपये रखा गया है। शुल्क राशि 'सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा' के नाम से चैक/ड्राफ्ट द्वारा सार्वदेशिक सभा कार्यालय में भेजें। असुविधा से बचने के लिए अग्रिम राशि भेजकर अपने स्टालों को अविलम्ब सुरक्षित करा लें। सभा के उपमंत्री श्री मधुर प्रकाश जी से मो.:–9810431857 पर शीघ्रातिशीघ्र सम्पर्क करें।


**सार्वदेशिक सभा द्वारा चारों दर्शनों एवं संस्कार विधि का पुनर्प्रकाशन**

भाष्यकार तर्क शिरोमणि – स्वामी दर्शनानन्द सरस्वती

1. वेदान्त दर्शन – पृष्ठ 232 – मूल्य 100 रुपये
2. वैशेषिक दर्शन – पृष्ठ 248 – मूल्य 100 रुपये
3. न्याय दर्शनम् – पृष्ठ 240 – मूल्य 100 रुपये
4. सांख्य दर्शन – पृष्ठ 156 – मूल्य 80 रुपये
5. संस्कार विधि – पृष्ठ 278 – मूल्य 90 रुपये

बढ़िया कागज, सुन्दर प्रिंटिंग व आकर्षक टाइटल के साथ 25 प्रतिशत छूट पर सभा कार्यालय में उपलब्ध है।

**प्रकाशक : सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा**
**"दयानन्द भवन" 3/5, आसफ अली रो**

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा प्रकाशित

**चारो वेदों का सेट**

**भारी छूट पर उपलब्ध**

**लागत मूल्य 4100/– रुपये**

**25 प्रतिशत छूट पर दिया जायेगा**

डाक से मंगाने पर एक वेद सैट का डाक व्यय 200/– रुपये अतिरिक्त देना होगा।

प्रकाशक : सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा
"दयानन्द भवन" 3/5, आसफ अली रोड, नई दिल्ली–2


## अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन, हरिद्वार के लिए अभी से अपना आरक्षण सुरक्षित करवा लें

**दिल्ली से हरिद्वार जाने वाली ट्रेनों का विवरण निम्न प्रकार है :–**

1. Dehradun EXP (19019)
(NZM to HW)
Time : 5.45 - 14.40
2. Dehradun Shtbdi (12017)
(NDLS to HW)
Time : 6.45 - 11.22
3. Haridwar EXP (22917)
(NZM to HW)
Time : 11.00 - 15.50
4. Ujjaini Express (14309)
(NZM to HW)
Time : 11.30 - 17.20
5. IND DDN Express (14317)
(NZM to HW)
Time : 11.30 - 17.20
6. Dehradun EXP (22659)
(NZM to HW)
Time : 12.55 - 18.45
7. Dehradun EXP (12687)
(NZM to HW)
Time : 21.10 - 03.05
8. UDZ HW EXP (19609)
(DLI to HW)
Time : 3.40 - 10.25
9. LTT HW AC SUP (12171)
(NZM to HW)
Time : 7.10 - 13.15
10. Uttaranchal EXP (19565)
(NDLS to HW)
Time : 11.00 - 16.40
11. Utkal Express (18477)
(NZM to HW)
Time : 15.00 - 20.55
12. DDN Janshtbdi (12055)
(NDLS to HW)
Time : 15.20 - 19.50
13. Mussoorie EXP (14041)
(DLI to HW)
Time : 22.15 - 06.05
14. Nanda Devi EXP (12205)
(NDLS to HW)
Time : 23.50 - 3.52
15. Haridwar EXP (12911)
(NZM to HW)
Time : 11.00 - 16.40

नोट : (NZM) का अर्थ हजरत निजामुद्दीन, (NDLS) का अर्थ नई दिल्ली, (DLI) का अर्थ पुरानी दिल्ली, (HW) का अर्थ हरिद्वार।

**वैचारिक क्रान्ति के लिए सत्यार्थ प्रकाश पढ़ें।**

# झारखण्ड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा के आमंत्रण पर सार्वदेशिक सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश जी का

# रांची, हजारीबाग एवं चतरा का तूफानी दौरा

## प्रान्तीय सभा के प्रधान श्री प्रेम प्रकाश आर्य एवं मंत्री श्री पूर्णचन्द्र आर्य के नेतृत्व में स्वामी आर्यवेश जी का हुआ रांची हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत

### सभा की ओर से 51 हजार रुपये की राशि गुरुकुल महासम्मेलन के लिए की गई भेंट




झारखण्ड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा के आमंत्रण पर गत् 8 जून, 2018 को दिल्ली से हवाई जहाज द्वारा सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश जी प्रातः 8.30 बजे बिरसामुण्डा एयरपोर्ट रांची पहुँचे, जहाँ पर झारखण्ड सभा के प्रधान श्री प्रेम प्रकाश आर्य तथा मंत्री श्री पूर्णचन्द्र आर्य के नेतृत्व में अन्य उपस्थित आर्यजनों ने माल्यार्पण द्वारा स्वामी जी का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर आर्य समाज रांची द्वारा संचालित गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने वेद मंत्रों की ऋचाओं से वातावरण को गुंजाते हुए स्वामी जी का स्वागत किया। महर्षि दयानन्द तथा वैदिक धर्म के नारे भी उच्च स्वर से गुंजाये गये जिससे वहाँ उपस्थित सैकड़ों लोगों का ध्यान आकृष्ट हुआ। एयरपोर्ट से स्वामी जी श्री प्रेम प्रकाश जी के साथ उनके निवास पर गये, जहाँ नाश्ते की सुन्दर व्यवस्था की गई थी। स्वामी जी के साथ श्री पूर्णचन्द्र आर्य सभामंत्री, श्री अजय आर्य मंत्री आर्य समाज रांची, श्री वरुण बिहारी आर्य आदि भी नाश्ते में सम्मिलित रहे। इसके पश्चात् आर्य समाज रांची के द्वारा सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश जी के सम्मान में शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वश्री प्रेम प्रकाश आर्य सभा प्रधान, पूर्णचन्द्र आर्य सभामंत्री, राजेन्द्र आर्य कोषाध्यक्ष, वरुण बिहारी आर्य, अजय आर्य, वरुण आर्य, वासुदेव शास्त्री, शत्रुघ्न लाल आर्य के अतिरिक्त डी.ए.वी. शिक्षण संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक ए. के. सिन्हा आदि ने माल्यार्पण द्वारा स्वामी जी का स्वागत किया। इस अवसर पर डी.ए.वी. की छात्राओं ने तथा गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने स्वागतगान प्रस्तुत कर अतिथि सत्कार की परम्परा का निर्वहन किया। तत्पश्चात् स्वामी आर्यवेश जी का प्रभावशाली उद्बोधन लगभग एक घण्टे तक चला जिसे श्रोताओं ने मन्त्रमुग्ध होकर सुना। श्री प्रेम प्रकाश आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इच्छा व्यक्त की कि सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश जी इसी प्रकार भविष्य में भी झारखण्ड में निरन्तर आते रहें। आज उनके आने से आर्यजनों को विशेष उत्साह प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह भी हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि वे पहली बार रांची में अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन का निमंत्रण देने के लिए पधारे हैं। स्वामी जी को झारखण्ड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से सम्मेलन के लिए 51 हजार रुपये का चैक भेंट किया गया तथा और अधिक धनराशि एकत्रित करने तथा सम्मेलन में दल–बल सहित पहुँचने का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम के पश्चात् श्री शत्रुघ्न आर्य के निवास पर दोपहर के भोजन की व्यवस्था थी। उन्होंने अपने उच्च स्तरीय आतिथ्य के द्वारा स्वामी जी का हार्दिक स्वागत किया। भोजनोपरान्त स्वामी जी, सभा मंत्री श्री पूर्णचन्द्र आर्य तथा आर्य समाज रांची के मंत्री श्री अजय आर्य के साथ हजारीबाग के लिए रवाना हो गये जहाँ आर्य कन्या गुरुकुल हजारीबाग के संचालक आचार्य कृष्ण प्रसाद कौटिल्य एवं गुरुकुल की आचार्या सुश्री पुष्पा जी के नेतृत्व में गुरुकुल की सैकड़ों छात्राओं ने स्वामी जी का हजारीबाग पहुँचने पर भव्य स्वागत किया तथा जुलूस की शक्ल में उन्हें कन्या गुरुकुल ले जाया गया। कन्या गुरुकुल के प्रांगण में स्वामी जी का शॉल, श्रीफल आदि देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्वामी आर्यवेश जी ने छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं को संक्षिप्त सम्बोधन से लाभान्वित किया।

श्री कृष्ण प्रसाद कौटिल्य ने इस अवसर पर आश्वस्त किया कि वे सम्मेलन में अपने गुरुकुल की छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में साथ लेकर पहुँचेंगे। गुरुकुल के प्रधान श्री ओम प्रकाश जायसवाल, मंत्री श्री उमेश आर्य, श्री गिरीश आर्य आदि भी इस अवसर पर उपस्थित थे। गुरुकुल की छात्राएँ स्वामी जी के आगमन से अत्यन्त उत्साहित थीं उन्होंने स्वामी जी के साथ एक सामूहिक चित्र भी खिंचवाया।

हजारीबाग से आर्य समाज चतरा के वार्षिक समारोह में भाग लेने के लिए स्वामी जी एवं श्री पूर्णचन्द्र आर्य रात्रि 7.30 बजे चतरा पहुँचे। आर्य समाज मंदिर चतरा में 6 से 8 जून, 2018 तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पहुँचने पर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आर्य जगत् के मूर्धन्य संन्यासी दयानन्द विदेह, डॉ. कमलनारायण वेदाचार्य, डॉ. जगदीश आर्य, डॉ. अशोक पाठक धर्मशिक्षक डी.ए.वी. विद्यालय, पं. महेन्द्र शास्त्री, पं. अपूर्वदेव शर्मा आर्य भजनोपदेशक, पं. सत्यप्रकाश आर्य सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वामी सवितानन्द सरस्वती जी ने किया। इस अवसर पर स्वामी आर्यवेश जी ने उपस्थित जनसमूह को अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन जो 6 जुलाई से 8 जुलाई, 2018 तक हरिद्वार में आयोजित किया जा रहा है उसमें पहुँचने की अपील की। स्वामी सवितानन्द जी तथा अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में हरिद्वार पहुँचने का आश्वासन दिया। स्वामी जी चतरा से चलकर सुबह 3 बजे दिल्ली पहुँचे।

## अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन की तैयारी हेतु चिड़ावा, जिला–झुंझुनू, राजस्थान में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

# सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश जी ने किया सम्बोधित



गत 4 जून, 2018 को सार्वदेशिक सभा के यशस्वी प्रधान स्वामी आर्यवेश जी ने सामुदायिक विकास भवन चिड़ावा, जिला–झुंझुनू में आयोजित कार्यकर्ता बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी 6, 7, 8 जुलाई, 2018 को गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार में होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन में सभी आर्यजन भारी संख्या में पहुँचे तथा संगठन शक्ति का परिचय दें। उन्होंने बताया कि यह महासम्मेलन आर्य समाज के इतिहास में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा क्योंकि इसमें पूरे देश के गुरुकुलों के छात्र–छात्राएँ, आचार्य एवं आचार्याएँ हजारों की संख्या में सम्मिलित होंगे तथा सरकार से माँग करेंगे कि गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को वर्तमान में चल रही लार्ड मैकाले की शिक्षा प्रणाली के विकल्प के रूप में देश में लागू किया जाये। स्वामी जी ने प्राचीन वैदिक शिक्षा पद्धति पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए इस बात पर बल दिया कि जब तक शिक्षा में संस्कार तथा स्वावलम्बी शिक्षा का समावेश नहीं होगा, तब तक शिक्षा प्रणाली अधूरी रहेगी। इसके लिए आवश्यक है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में आमूल–चूल परिवर्तन किया जाये। स्वामी जी ने महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा सत्यार्थ प्रकाश के तीसरे समुल्लास में शिक्षा के सम्बन्ध में प्रस्तुत योजना को मूर्त रूप देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानन्द जी ने अनिवार्य शिक्षा, निःशुल्क शिक्षा तथा समान शिक्षा को आवश्यक बताया था। आवासीय शिक्षा की बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यन्त आवश्यकता है क्योंकि जब तक उसे दीर्घकाल तक अर्थात् शिक्षा पूरी होने तक निरन्तर 24 घण्टे एक विशेष वातावरण में नहीं रखा जायेगा तब तक उसे चारो तरफ के वातावरण से प्रभावित होने से नहीं बचाया जा सकेगा।

बैठक में सर्वश्री बिरजानन्द एडवोकेट महामंत्री सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद्, डॉ. भूप सिंह आर्य, आचार्य सुधाकर शर्मा, आचार्य धर्मव्रत शास्त्री, श्री जयनारायण आर्य, श्री नेमीचन्द्र पूनिया, श्री रामकुमार आर्य, श्री लीलाराम लोकमित्र, महाशय मूलचन्द्र आर्य आदि के अतिरिक्त श्री नवरंग लाल अंगासरिया, श्री सुभाष आर्य, श्री जगरूप सिंह, श्री बजरंग लाल सूबेदार, श्री अमीलाल अरणावत, मा. जगदीश सिंह, श्री ओम प्रकाश, मा. बनवारी लाल, श्री देवीलाल शास्त्री, श्री देवकरण सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, श्री मदन लाल, श्री वीरेन्द्र शास्त्री आदि महानुभाव उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता आर्य समाज चिड़ावा के प्रधान श्री रणवीर सिंह थालौर ने की। संयोजक का दायित्व चिड़ावा के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व वरिष्ठ एडवोकेट श्री धर्मपाल सिंह ने संभाला। बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने तथा 51 हजार रुपये की राशि एकत्रित कर लाने की घोषणा की गई।

## सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली के तत्वावधान में

# अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन






स्वामी विवेकानन्द सरस्वती | स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती | स्वामी धर्मानन्द सरस्वती | स्वामी सुमेधानन्द (सांसद) | आचार्य बालकृष्ण | स्वामी दिव्यानन्द सरस्वती | स्वामी धर्मेश्वरानन्द | स्वामी सर्वदानन्द | स्वामी यतीश्वरानन्द

# स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ टिटौली में ऐतिहासिक सात दिवसीय प्रान्तीय कन्या चरित्र निर्माण व योग शिविर का हुआ भव्य समापन

## भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान तथा शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन के लिए किया जा रहा है अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन

– स्वामी आर्यवेश

## बढ़ती हुई सामाजिक बुराईयों पर आर्य समाज ही लगा सकता है रोक

– चौ. दीपेन्द्र हुड्डा

## कन्याओं के व्यायाम प्रदर्शन से दर्शक हुए मन्त्रमुग्ध




स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ टिटौली, जिला–रोहतक में दिनांक 6 से 12 जून, 2018 तक चले प्रान्तीय कन्या चरित्र निर्माण एवं योग शिविर का भव्य समापन 12 जून, 2018 को समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस विशाल शिविर का आयोजन बेटी बचाओ अभियान, युवा निर्माण अभियान तथा आर्य समाज के युवा संगठन सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस आवासीय शिविर में सैकड़ों कन्याओं ने भाग लेकर संध्या, यज्ञ, आसन, प्राणायाम, जूडो, कराटे आदि के अतिरिक्त चरित्र, नैतिकता, साहस, स्व–सुरक्षा, व्यक्तित्व विकास, वक्तृत्व कला एवं आत्म विश्वास के विकास का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रोहतक के सांसद श्री दीपेन्द्र हुड्डा, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के यशस्वी प्रधान स्वामी आर्यवेश, उत्तर प्रदेश के पूर्व गन्ना मंत्री स्वामी ओमवेश, शिविर संयोजक बहन प्रवेश आर्या, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान स्वामी रामवेश, शिविराध्यक्ष बहन पूनम आर्या, आचार्य हरिदत्त, श्री विवेक मलिक–अमेरिका, श्री सुनील देशवाल, स्वीटी भारती, श्री वेदपाल शास्त्री एडवोकेट, श्री राम कुमार आर्य आदि ने भी सम्बोधित किया। समापन अवसर पर कन्याओं द्वारा किये गये भव्य व्यायाम प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूडो–कराटे, लाठी चलाना, योगासान व स्तूप निर्माण के प्रदर्शन आश्चर्य चकित कर देने वाले थे। इसके अतिरिक्त कमांडो ट्रेनिंग के प्रदर्शन ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। अमेरिका से आये श्री विवेक मलिक व उनकी पूज्य माता जी द्वारा होनहार छात्राओं को छात्रवृत्ति के चैक भेंट किये।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतक के सांसद श्री दीपेन्द्र हुड्डा ने अपने उद्बोधन में आर्य समाज के कार्यों का बखान करते हुए कहा कि आर्य समाज एक ऐसा आन्दोलन है जो समाज में फैली बुराईयों को मिटाने के लिए सदैव संघर्ष करता रहता है तथा आज भी समर्पित रूप से समाज की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में भी आर्य समाज का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी से लेकर वर्तमान समय तक समाज के नव–निर्माण में आर्य समाज की विशिष्ट भूमिका रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे आर्य समाज की विचारधारा विरासत में मिली है। मेरे पूज्य परदादा चौ. मातूराम आर्य ने स्वयं महर्षि दयानन्द सरस्वती जी से यज्ञोपवीत धारण किया था। आजादी के उपरान्त भारत का संविधान लिखते समय आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती के भारत निर्माण के समस्त सूत्रों को संविधान में स्थान दिया गया था। श्री दीपेन्द्र हुड्डा ने आर्य समाज द्वारा 2006 में प्रारम्भ किये गये बेटी बचाओ अभियान की प्रशस्ति करते हुए कहा कि आज हरियाणा में इस सम्बन्ध में काफी जागरूकता आई है और लोग अपनी बेटियों को पढ़ा रहे हैं और आगे बढ़ने का मौका दे रहे हैं। उन्होंने बहन पूनम आर्या व प्रवेश आर्या के संघर्ष का परिचय देते हुए उनके द्वारा किये जा रहे सराहनीय कार्य को समाज के लिए अनुकरणीय बताया।



इस अवसर पर सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, दिल्ली के यशस्वी प्रधान स्वामी आर्यवेश जी ने कहा कि आज हम स्वामी इन्द्रवेश जी की 12वीं पुण्यतिथि पर उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी इन्द्रवेश जी द्वारा प्रारम्भ किये गये कार्यों को पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ाया जायेगा। उन्होंने युवा वर्ग को संस्कारित करने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत देश युवाओं का देश है और जिस देश का युवा वर्ग संस्कारित होता है, देशभक्त होता है, माता–पिता, गुरु का आदर करने वाला होता है वह देश निश्चित रूप से प्रगति करता है। अतः आज सबसे बड़ी आवश्यकता युवाओं को संस्कारित करने की है। उन्होंने कहा हमें आपका सहयोग चाहिए। आप अपने बच्चों को आर्य समाज के युवा संगठनों द्वारा चलाये जा रहे चरित्र निर्माण शिविरों में भेजें। स्वामी जी ने कहा कि देशभर में शिविरों तथा जन चेतना यात्राओं के माध्यम से युवाओं में संस्कार तथा सामाजिक बुराईयों के विरुद्ध जागरण का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। उन्होंने कहा कि देश में एक वैकल्पिक शिक्षा प्रणाली का प्रारूप तैयार करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन का आयोजन 6, 7, 8 जुलाई, 2018 को गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार में आयोजित किया जा रहा है जिसमें देश–विदेश के हजारों स्नातक व विद्वान् तथा कार्यकर्ता भाग लेंगे।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश से पधारे पूर्व गन्ना मंत्री स्वामी ओमवेश जी ने आर्य समाज के महान योद्धा क्रांतिकारी संन्यासी स्वामी इन्द्रवेश जी को किसान व मजदूर का मसीहा बताया। उन्होंने कहा स्वामी इन्द्रवेश जी के दिखाये रास्ते पर और उनके देखे गये स्वप्न को साकार करने के लिए हम निरन्तर संघर्षशील हैं। शिविर संयोजक बहन प्रवेश आर्या ने सैकड़ों युवाओं को बेटी बचाओ का संकल्प दिलवाया तथा साथ ही आह्वान भी किया कि आज भाईयों को अपनी बहनों के मान–सम्मान को बचाने के लिए आगे आना होगा तभी बहनें स्वाभिमान के साथ समाज के किसी भी क्षेत्र में कदम रख सकती हैं।

अगले पृष्ठ पर जारी

पिछले पृष्ठ का शेष

# स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ टिटौली में ऐतिहासिक सात दिवसीय प्रान्तीय कन्या चरित्र निर्माण व योग शिविर का हुआ भव्य समापन



आयोजकों तथा कुंडू खाप द्वारा श्री दीपेन्द्र हुड्डा जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिविर में प्रथम रहने वाली प्राची जीन्द व आयुशी बागपत को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री कुलदीप नम्बरदार, श्री जयदीप धनखड़, श्री सज्जन राठी, इंस्पेक्टर श्री अर्जुन सिंह, श्री प्रदीप कुमार, श्री अजीत पाल, श्री अशोक आर्य, रिंकू आर्या, सुषमा आर्या, रीमा आर्या, मोनिका आर्या, सुमन आर्या, राजेश सहित अनेकों गणमान्य महानुभाव उपस्थित थे।

इससे पूर्व दिनांक 6 जून, 2015 को रोहतक स्थित स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ टिटौली में 7 दिवसीय आवासीय प्रान्तीय कन्या चरित्र निर्माण शिविर का भव्य उद्घाटन तथा ध्वजारोहण



प्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति श्री जगमोहन मित्तल ने किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता सार्वदेशिक सभा के प्रधान युवा हृदय सम्राट स्वामी आर्यवेश जी ने की। अपने उद्बोधन में श्री जगमोहन मित्तल ने कहा कि जीवन में उन्नति करने के लिए लक्ष्य का निर्धारण करना अत्यन्त आवश्यक है और लक्ष्य को पाने के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और परिश्रम से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के बदलते युग में ईमानदारी व परिश्रम का अपना विशेष महत्त्व है। ईमानदारी, निष्ठा व परिश्रम किसी भी लक्ष्य को आसान बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम संस्कारों को भूलते जा रहे हैं जबकि बिना संस्कार जीवन का कोई मूल्य ही नहीं है। उन्होंने शिविरों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के चरित्र निर्माण शिविर हमें संस्कारित करते हैं और हम संस्कारवान होकर देश, जाति तथा धर्म को उन्नत करने में अपना योगदान दे सकते हैं।

इस अवसर पर सार्वदेशिक सभा के प्रधान तथा क्रांतिकारी संन्यासी स्वामी आर्यवेश जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुसंस्कृत नारी ही सुसंस्कृत परिवार, समाज व राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। एक कन्या के प्रशिक्षण से दो परिवार संवरते हैं। इसके अतिरिक्त कन्याओं में आत्मबल पैदा होता है जिसके कारण उन्हें जीवन पथ पर हिम्मत के साथ आगे बढ़ने में सहायता मिलती है। स्वामी जी ने कहा कि इन शिविरों की अन्यतम विशेषता है, चरित्र निर्माण के प्रति जागरूकता पैदा करना, जीवन में आत्मानुशासन के प्रति प्रतिबद्धता लाना, माता–पिता तथा आचार्यों के प्रति सद्भावना पैदा करना, ईश्वर के प्रति आस्था पैदा करना, संयम व सहनशीलता के समन्वय की शिक्षा देना। इस प्रकार इन सात दिनों के प्रशिक्षण काल में कन्याओं को शारीरिक, मानसिक, आत्मिक, आरोग्यता के प्रशस्त पथ पर चलने का प्रशिक्षण देना इस शिविर की विशेषता है।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनिल आर्य ने कन्याओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपको अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए स्वयं ही उत्तरदायी होना पड़ेगा। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रवीण आर्या ने सुन्दर गीत प्रस्तुत करके श्रोताओं का मन मोह लिया।

आर्य युवक परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष ब्र. दीक्षेन्द्र आर्य ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि यह शिविर आर्य समाज में एक नये युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज से प्रभावित युवतियों को संस्कारित करके महिलाओं को जागरूक किया जायेगा। शिविर की संयोजक बहन प्रवेश आर्या ने बताया कि बेटियों को संस्कारित करने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है क्योंकि यदि बेटी संस्कारित होगी तो दो कुल संस्कारित होंगे। क्योंकि मां बच्चे का पहला गुरु होती है और मां संस्कारित होगी तो संतान का निर्माण भी वह एक आदर्श रूप में करेगी। बेटी बचाओ अभियान की प्रधान व शिविर की अध्यक्ष बहन पूनम आर्या ने कहा कि शिविर में भाग लेने वाली कन्यायें दिन रात शिविर मे रहकर योगासन, प्राणायाम, जूडो कराटे, दण्ड–बैठक, लाठी चलाना आदि का प्रशिक्षण लेकर शारीरिक आत्मिक व सामाजिक उन्नति के लिए प्रयास करेगी।

बहन पूनम आर्या ने बुराईयों से बचने का संकल्प भी करवाया। उन्होंने बताया कि आर्य युवक परिषद् का पहला लक्ष्य आर्य राष्ट्र निर्माण का है। आर्य राष्ट्र से हमारा मतलब एक ऐसे समाज से है जिसमें कहीं पर भी गैर–बराबरी, पाखण्ड न हो, कहीं पर भी कन्या भ्रूण हत्या न हो, माँ–बहन को भी पूरा सम्मान मिले, देश में कहीं पर भी शराब का प्रचलन न हो, एक ऐसा समाज बने जिसमें चारों ओर भाईचारा व अपनापन दिखाई दे।

शिविर को दस वर्गों में बांटा गया था। जिनके नाम दुनिया की महान नारियों के नाम पर रखे गये हैं। कन्या चरित्र निर्माण व योग शिविर का वातावरण प्राचीनकाल के ऋषियों की तपःस्थली और आश्रमों जैसा बन गया था। प्रातः ब्रह्म मुहुर्त में 4 बजे से शिविर का कार्यक्रम प्रारम्भ हो जाता था। साधना का प्रशिक्षण बहन पूनम आर्या देती थीं। शिविर निदेशक रिंकू आर्या के निर्देशन में कुमारी सुमन व कुमारी राजकुमारी प्रतिदिन प्रशिक्षण प्रदान करती थीं। इसके बाद स्नान करने के बाद संध्या तथा उसके बाद सामूहिक यज्ञ का आकर्षक तथा प्रेरणास्पद कार्यक्रम होता था। जीवन के सबसे आवश्यक कर्तव्यों का बोध कराता यज्ञ हमें दान, देव पूजा व संगतिकरण का संदेश देता है। कुछ समय विश्राम करने के उपरान्त सभी बौद्धिक कक्षा के लिए तैयार हो जातीं। बौद्धिक में समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति आते थे तथा अपने विचारों से कन्याओं को लाभन्वित करते थे। शंका समाधान भी होता था और इससे कन्याओं के बौद्धिक स्तर का भी पता चलता था तथा जिज्ञासा का भी समाधान होता था।

इस शिविर में विभिन्न अवसरों पर आर्य समाज के विद्वान्, संन्यासी, नेता तथा समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने पहुँचकर अपने उद्बोधनों से शिविरार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा उन्हें प्रगति पथ पर अग्रसर होने के सूत्र बताये। शिविर में पधारने वालों में मुख्य अतिथि श्री नरेन्द्र नांदल, सोनीपत से आये श्री रमेश कुमार, मर्चेन्ट नेवी में चीफ इंजीनियर श्री सुनील देशवाल, एल.पी.एस. बोसार्ड के एम.डी. श्री राजेश जैन, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी श्री रणवीर खासा, श्री राजीव जैन, श्री विनोद



हुड्डा, सूबेदार श्री सुमेर सिंह, माटी कला बोर्ड की सदस्य श्रीमती सुनीता आर्या आदि ने पधारकर शिविरार्थियों का मार्गदर्शन किया।

मुख्य अतिथि नरेंद्र नांदल ने कहा कि आज बेटियां हर जगह अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही हैं।आज बहनों को अधिकार मिलने लगे हैं, परंतु अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों को बखूबी समझना चाहिए, ताकि अपने मर्यादित जीवन को दूसरों के सामने एक आदर्श जीवन के रूप में रख सकें। इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह व सत्यार्थ प्रकाश भेंट की गई।

एलपीएस बोसॉर्ड के एमडी राजेश जैन मुख्य वक्ता के रूप में पधारे व कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ संस्कार देने पर भी जोर डालना चाहिए। संस्कारी विद्यार्थी ही समाज के नवनिर्माण में योगदान दे सकता है। हमें बच्चे को भौतिकवाद की मशीन का पुर्जा नहीं बल्की मानवता की भावना को संजोए रखने वाला मानव भी बनाना है। उन्होंने कहा कि आज की डिजिटल की दुनिया में कुछ संस्कार डिजिटल भी देने चाहिए ताकि बच्चे इस डिजिटल क्रांति का सदुपयोग कर सकें।

सोनीपत से आये रमेश कुमार ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नही। पिछले दिनों सीबीएसई व हरियाणा बोर्ड के परीक्षा परिणामों ने भी इस बात को साबित कर दिया है। लेकिन समाज मे कहीं न कहीं आज भी बेटियों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है। जिसको बदलना आज की प्राथमिकता होना चाहिए।

शिविर में शारीरिक, आत्मिक व सामाजिक उन्नति के लिए प्राणायाम, जूडो, कराटे, दण्ड बैठक, लाठी चलाना आदि का प्रशिक्षण समय–समय पर श्री हरिओम, बहन पूनम आर्या,



कुमारी सुमन व कुमारी राजकुमारी आर्या, रिंकू आर्या, कमला योगाचार्या आदि के द्वारा बड़ी निष्ठा और परिश्रम के द्वारा करवाया गया। शिविर की सफलता में बेटी बचाओ अभियान टीम जिसमें सोनिया आर्या, शशि आर्या, मोनिका गोहाना, श्वेता आर्या, सुनीता आर्या आदि के अतिरिक्त डॉ. रणवीर खासा इंसपेक्टर अर्जुन सिंह, प्रदीप कुमार, ईश्वर सिंह, नफे सिंह फरमाणा, अशोक आर्य, अजीत पाल, राजवीर वशिष्ठ, डॉ. नारायण, डॉ. राजेश आर्य, श्री राजवीर आर्य, श्री सत्यवीर आर्य, सोनू आर्या, रीमा आर्या, रिंकू आर्या, सुषमा आर्या, सुनीता आर्या आदि ने भी महत्त्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। सब मिलाकर यह 7 दिवसीय आवासीय प्रान्तीय कन्या चरित्र निर्माण व योग शिविर महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।



### स्वामी विरजानन्द स्मारक करतारपुर, जिला–जालन्धर में पंजाब प्रान्तीय आर्यवीर दल शिविर के समापन समारोह में

# सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश जी का हुआ ओजस्वी उद्बोधन

### पंजाब के लगभग 15 जिलों के आर्यवीरों ने शिविर में भाग लेकर प्राप्त किया प्रशिक्षण

### गुरुकुल के प्रधान यशस्वी समाजसेवी श्री ध्रुव कुमार मित्तल के संरक्षण में तथा गुरुकुल के आचार्य डॉ. उदयन आर्य के संयोजन में संचालित उक्त शिविर अत्यन्त प्रभावशाली रहा




गत् 1 से 7 जून, 2018 तक स्वामी विरजानन्द स्मारक, गुरुकुल करतारपुर के प्रांगण में आयोजित पंजाब प्रान्तीय आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर का समापन 7 जून, 2018 को सायं 5 से 8 बजे तक बड़ी भव्यता के साथ हुआ। इस अवसर पर सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश जी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से युवाओं एवं विशाल जनसमूह को अत्यन्त प्रभावित किया। स्वामी आर्यवेश जी ने देश की वर्तमान परिस्थितियों को युवाओं के लिए अत्यन्त विनाशकारी बताते हुए कहा कि जिस प्रकार से टेलीविजन, इण्टरनेट, सोशल मीडिया तथा अश्लील साहित्य के द्वारा युवाओं को दिग्भ्रमित करने वाले एवं पतन की ओर ले जाने वाले कार्यक्रम दिखाकर एक विशाक्त वातावरण बनाया जा रहा है उससे देश का युवा वर्ग अत्यन्त प्रभावित हो रहा है। अतः आवश्यकता है कि युवक एवं युवतियों को आर्य वीरदल, आर्य युवक परिषद् आदि युवा संगठनों द्वारा आयोजित चरित्र निर्माण शिविरों के माध्यम से संस्कारित किया जाये। स्वामी आर्यवेश जी ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली को अधूरी एवं अधकचरी शिक्षा प्रणाली बताया। क्योंकि वर्तमान शिक्षा प्रणाली से बच्चे का केवल भौतिक विकास होता है उसका आध्यात्मिक एवं सामाजिक विकास नहीं हो पाता। अतः ये आवश्यक है कि बच्चों को प्रारम्भ से ही नैतिक शिक्षा देने के साथ–साथ संस्कारित भी किया जाना चाहिए और उनका निरन्तर तब तक अभ्यास कराना चाहिए जब तक बच्चे की शिक्षा पूरी न हो जाये। स्वामी जी ने भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की इच्छा का स्वागत किया तथा सुझाव देते हुए कहा कि जब तक वर्तमान शिक्षा प्रणाली में आमूल–चूल परिवर्तन कर नैतिक शिक्षा अनिवार्य नहीं की जायेगी, जब तक टेलीविजन, इण्टरनेट, सोशल मीडिया तथा प्रिन्ट मीडिया के द्वारा परोसी जा रही अश्लीलता, नग्नता, कामुकता, हिंसा, अपहरण, बलात्कार, चोरी, डकैती, झूठ, फरेब एवं काल्पनिक घटनाओं एवं कहानियों का प्रसारण बन्द नहीं होगा तथा जब तक बच्चों को प्रारम्भ से ही जीवनोपयोगी नैतिक मूल्यों, देशभक्ति, ईश्वरभक्ति, मातृ–पितृ भक्ति, ईमानदारी, परोपकार एवं समाजसेवा के संस्कार नहीं दिये जायेंगे तब तक भारत विश्वगुरु नहीं बन सकेगा। अतः आवश्यक है कि वर्तमान शिक्षा एवं शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी परिवर्तन किया जाये एवं प्राचीन वैदिक मान्यताओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों को प्रमुखता दी जाये।

स्वामी आर्यवेश जी ने स्पष्ट किया कि बच्चे परिवार में माता–पिता एवं छोटे–बड़े सभी सदस्यों के आचरण एवं व्यवहार से अत्यन्त प्रभावित होते हैं। अतः यह अत्यन्त आवश्यक है कि परिवार, समाज तथा विद्यालय में उन्हें ऐसा वातावरण उपलब्ध कराया जाये जिससे वे उन्नति की ओर चलें और दिग्भ्रमित होने से बचें। स्वामी जी के व्याख्यान से पूर्व आर्य वीरदल के वरिष्ठ शिक्षक श्री धर्मवीर जी एवं श्री रवि शास्त्री जी के कुशल संयोजन में सभी आर्य वीरों एवं वीरांगनाओं ने सैनिक मार्च पास्ट कर स्वामी आर्यवेश जी एवं अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सलामी दी। बैंड बाजों के साथ हुए इस मार्च पास्ट कार्यक्रम से उपस्थित जनसमूह अत्यन्त अचम्भित था। बाद में शिविरार्थी आर्यवीरों एवं वीरांगनाओं ने अनेक आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत करके अपने प्रशिक्षण का शानदार परिचय दिया।



आर्य वीरदल एवं गुरुकुल करतारपुर की ओर से स्वामी आर्यवेश जी का स्मृति चिन्ह देकर श्री ध्रुव कुमार मित्तल एवं अन्य पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। समापन समारोह में स्वामी जी के अतिरिक्त सर्वश्री राकेश भगत, लक्ष्मीदत्त प्रभारी पतंजलि योगपीठ, रमणीक जी प्रतिनिधि आई.पी.एस. संस्थाएँ, डॉ. नरेश कुमार धीमान, प्रिंसिपल दोआबा कॉलेज जालन्धर आदि महानुभाव मंच पर उपस्थित थे। उनके अतिरिक्त गुरुकुल के प्रधान श्री ध्रुव कुमार मित्तल, उपप्रधान श्री कपूरचन्द्र गर्ग, उपप्रधाना श्रीमती सुशीला भगत, मंत्री श्री कैलाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री ओम प्रकाश अग्रवाल, अधिष्ठाता श्री सुखदेव राज, श्रीमती विमला मित्तल, श्रीमती शिव मित्तल, श्री इन्द्रपाल सेठी आदि पदाधिकारी भी मंच पर विराजमान थे। मंच का सुन्दर संचालन गुरुकुल के प्राचार्य डॉ. उदयन आर्य ने संभाला हुआ था। शिविर के दौरान प्रशिक्षण का दायित्व सर्वश्री धर्मवीर जी वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक, धर्मेन्द्र जी व्यायाम शिक्षक, रवि शास्त्री, विनय कुमार, हरप्रीत आर्य, आकाश आर्य, सचिन आर्य, चन्द्रपाल आर्य सभी शिक्षकों ने बड़ी कुशलता के साथ संभाला। शिविर में पंजाब के विभिन्न जिलों से लगभग 400 युवाओं ने भाग लिया। शिविर अत्यन्त सफलता के साथ सम्पन्न हुआ।

## आर्य समाज नरवाना में हुआ युवा चरित्र निर्माण शिविर का भव्यता के साथ समापन

### सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश जी ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर युवाओं को दी प्रेरणा



1 से 6 जून, 2018 तक आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना के प्रांगण में आर्य समाज नरवाना के द्वारा आयोजित युवा चरित्र निर्माण शिविर का शानदार आयोजन किया गया। शिविर में भाग लेने वाले युवकों को शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण देकर अच्छे संस्कारों से ओत–प्रोत किया गया। शिविर में युवा संन्यासी स्वामी श्रद्धानन्द जी, त्यागी, तपस्वी स्वामी रामवेश जी, श्री जगदीश चन्द्र बसु, श्री मिथिलेश शास्त्री आदि ने बौद्धिक एवं वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक आचार्य सूर्यदेव, श्री वीरेन्द्र आर्य, श्री योगेन्द्र आर्य, श्री कर्मपाल आर्य, श्री वरुणदेव शास्त्री, श्री विजय आर्य, श्री विवेक आर्य तथा श्री अजय आर्य शिक्षकों ने शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया। शिविर का समापन कार्यक्रम 6 जून, 2018 को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक अत्यन्त प्रभावशाली रहा। समापन समारोह में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के यशस्वी प्रधान स्वामी आर्यवेश जी, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनिल आर्य उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रवीण आर्या, श्री विद्यासागर शास्त्री, शांतिधर्मी पत्रिका के सम्पादक श्री सहदेव शास्त्री, ब्र. दीक्षेन्द्र आर्य प्रधान सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद्, हरियाणा आदि ने सम्मिलित होकर अपने विचार प्रस्तुत किये। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विनोद कौशिक ने भी अपना प्रभावशाली उद्बोधन देकर युवकों को प्रेरित किया। आर्य समाज एवं आर्य समाज से सम्बद्ध सभी शिक्षण संस्थाओं के अधिकारियों क्रमशः श्री इन्द्रजीत आर्य, श्री नरेश कुमार आर्य, श्री अनिल आर्य, श्री अश्विनी कुमार आर्य, श्री अबोध कुमार आर्य, श्री विजय कुमार आर्य, श्री योगेन्द्र पाल आदि ने आगन्तुक अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर जोरदार स्वागत किया। मंच का संचालन आर्य समाज के मंत्री श्री विजय कुमार आर्य ने किया।

इस अवसर पर शिविरार्थियों ने विभिन्न शारीरिक क्रियाओं का प्रदर्शन कर उपस्थित श्रोताओं एवं दर्शकों को अत्यन्त प्रभावित किया। अपने प्रेरणादाई उद्बोधन में स्वामी आर्यवेश जी ने कहा कि चरित्रवान युवा पीढ़ी में ही राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित है। यह युवा ही देश की दिशा और दशा को बदलेंगे। महर्षि दयानन्द ने जो समाज निर्माण का स्वप्न देखा था वह इन प्रशिक्षित युवाओं को ही पूरा करना है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज से राष्ट्र व समाज को बहुत आशाएँ हैं। उन पर आर्यजनों को खरा उतरने की आवश्यकता है। देश के उत्थान व प्रगति में चरित्र निर्माण शिविरों का अपना विशेष महत्त्व होता है। स्वामी जी ने कहा कि जिस देश का युवा वर्ग संस्कारित होता है, देशभक्त होता है, माता–पिता, गुरु का आदर करने वाला होता है वह देश निश्चित रूप से प्रगति करता है। अतः आज सबसे बड़ी आवश्यकता युवाओं को संस्कारित करने की है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को इन चरित्र निर्माण शिविरों में अवश्य भेजें जहाँ नैतिकता, धार्मिकता, देशभक्ति, सत्साहित्य के स्वाध्याय के साथ–साथ नेतृत्व के गुणों का भी विकास किया जाता है।

# अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन

## दिनांक : 6, 7, 8 जुलाई, 2018 (शुक्रवार, शनिवार, रविवार)

## स्थान : गुरुकुल कांगड़ी, विद्यालय परिसर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

## कार्यक्रम की रूपरेखा

### दिनांक : 6 जुलाई, 2018

प्रातःकालीन यज्ञ 8.00 बजे से

प्रातः 10.30 बजे ध्वजारोहण

ध्वजारोहण : डॉ. धीरज सिंह जी,
प्रधान, आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश

विशिष्ट उपस्थिति : पं. माया प्रकाश त्यागी
कोषाध्यक्ष सार्वदेशिक सभा
श्री गोविन्द सिंह भण्डारी
आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखण्ड
श्री महिपाल सिंह वर्मा

**प्रातः 11 बजे से गुरुकुल परिचय सम्मेलन**

अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन का
**उद्घाटन समारोह**
सायं 4 बजे

उद्घाटनकर्ता : योगगुरु स्वामी रामदेव जी
मुख्य अतिथि : श्री त्रिवेन्द्र सिंह, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड
विशिष्ट अतिथि : चौ. वीरेन्द्र सिंह, केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार
: स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती, संसद सदस्य
स्वागत भाषण : स्वामी यतीश्वरानन्द जी, स्वागताध्यक्ष सम्मेलन
प्रस्तावना : स्वामी आर्यवेश जी, प्रधान सार्वदेशिक सभा
अध्यक्षता : स्वामी प्रणवानन्द जी, सम्मेलन अध्यक्ष
संयोजक : प्रो. विट्ठलराव आर्य, मंत्री सार्वदेशिक सभा

**सायंकालीन यज्ञ : सायं 6.30 बजे**

**वैदिक संस्कृति सम्मेलन**
रात्रि 7.30 से 9.30 बजे तक

### 7 जुलाई, 2018

प्रातःकालीन यज्ञ 8.00 बजे से

**गुरुकुल शिक्षा प्रणाली सम्मेलन**
प्रातः 11 बजे
मुख्य अतिथि : आचार्य बालकृष्ण जी, पतंजलि योगपीठ

**वर्तमान शिक्षा प्रणाली का विकल्प सम्मेलन**
दोपहर 2 से 4 बजे तक

**विशाल शोभा यात्रा**
सायं 4 से 6.30 बजे तक
नेतृत्व : स्वामी प्रणवानन्द जी, सम्मेलन अध्यक्ष
: स्वामी आर्यवेश जी, प्रधान, सार्वदेशिक सभा

सायंकालीन यज्ञ 6.30 बजे से

**यत्र विश्वम् भवत्येकनीडम् सम्मेलन**
रात्रि 7.30 से 9.30 बजे तक

### 8 जुलाई, 2018

प्रातःकालीन यज्ञ 8.00 बजे से

**वेद, विज्ञान एवं संस्कृत सम्मेलन**
प्रातः 9.30 से 11.30 बजे तक

**सम्मान समारोह**
मध्यान्ह 11.30 से 1.30 बजे तक

**समापन समारोह**
मध्यान्ह 2 से 4 बजे तक
मुख्य अतिथि : श्री गंगा प्रसाद जी, राज्यपाल मेघालय
विशिष्ट अतिथि : श्री प्रेमचन्द्र अग्रवाल जी,विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखण्ड
: स्वामी अग्निवेश जी, डॉ. वेद प्रताप वैदिक जी
: श्री ठा. विक्रम सिंह जी, अध्यक्ष, राष्ट्र निर्माण पार्टी

**धन्यवाद ज्ञापन—शांति पाठ**

## अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन में गणमान्य महानुभावों की उपस्थिति

स्वामी विवेकानन्द सरस्वती, स्वामी धर्मानन्द सरस्वती, स्वामी अग्निवेश, स्वामी दिव्यानन्द, स्वामी धर्मेश्वरानन्द, स्वामी सर्वदानन्द, स्वामी चन्द्रवेश, स्वामी रामवेश, स्वामी ओमवेश, स्वामी विश्वानन्द, स्वामी चित्तेश्वरानन्द, डॉ. योगानन्द पूर्व विधानसभाध्यक्ष दिल्ली, आचार्य सोमदेव शास्त्री, आचार्य वेद प्रकाश श्रोत्रिय, डॉ. ज्वलन्त कुमार शास्त्री, डॉ. महावीर मीमांसक, डॉ. रघुवीर वेदालंकार, आचार्या सूर्यादेवी, आचार्या नंदिता देवी, आचार्या प्रियंवदा, डॉ. पवित्रा विद्यालंकार, आचार्या धारणा शास्त्री, आचार्या गायत्री मीणा, आचार्या अन्नपूर्णा, आचार्या सुकामा, आचार्या सुमेधा, आचार्य जयेन्द्र, श्री विद्या प्रसाद मिश्र, आचार्य रूपकिशोर, आचार्य वाचस्पति मिश्र, आचार्य धनंजय, आचार्य उदयन, कै. रुद्रसेन, श्री सत्यव्रत सामवेदी, पं. वेद प्रकाश शास्त्री, आचार्य वीरेन्द्र विक्रम, आचार्य अमरदेव शास्त्री, आचार्य नरेन्द्र वेदालंकार, आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, आचार्य सत्यवीर योगाचार्य, डॉ. जयदेव वेदालंकार, डॉ. वेद प्रकाश शास्त्री, डॉ. रवि प्रकाश आर्य, प्रो. रासा सिंह रावत, डॉ. हरिगोपाल शास्त्री, डॉ. विक्रम कुमार विवेकी, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, आचार्य राजन मान, आचार्या आदेश, आचार्या प्रियंका भारती, आचार्या शारदा आदि। शेष नाम अगले अंक में प्रकाशित किये जायेंगे।

पंजीयन संख्या DELMUL/2005/15488
डाक पंजीकरण संख्या DL(c)-01/1213/18-20
Licence to Post without prepayment of Postage. [ U (c)-289/2018-20 ]

# अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन
## गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार
शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार 6, 7, 8 जुलाई, 2018
सम्मेलन सम्बन्धित जानकारी के लिए सम्पर्क करें
9013783101, 9849560691, 9354840454, 701525971, 9810431857


प्रतिष्ठा में :–

अवितरण की दशा में लौटाएँ –
सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा
"दयानन्द भवन" 3/5 आसफ अली रोड, नई दिल्ली–110002

हरिद्वार चलो! चलो हरिद्वार!! हरिद्वार चलो!!!

# देश–विदेश के समस्त आर्यजनों से अपील
## भारी संख्या में गुरुकुलों के इस महाकुम्भ में पहुँचें






आचार्या सूर्यादेवी


आचार्य सोमदेव शास्त्री


आचार्या नंदिता शास्त्री


डॉ. योगानन्द शास्त्री


यत्र विश्वम् भवत्येकनीडम्।


डॉ. वेद प्रताप वैदिक


ठा. विक्रम सिंह


आचार्य वेद प्रकाश श्रोत्रिय


डॉ. रघुवीर वेदालंकार


पं. माया प्रकाश त्यागी


डॉ. धीरज सिंह

# अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महासम्मेलन
## गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार
## शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार 6, 7, 8 जुलाई, 2018

निवेदक
## सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा
दूरभाष : 011–23274771, 23260985, 9013783101, 9849560691, 9354840454, 8218863689

प्रो० विट्ठलराव आर्य, सभा मंत्री, प्रकाशक व मुद्रक द्वारा सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, 3/5 महर्षि दयानन्द भवन, (रामलीला मैदान/आसफ अली रोड), नई दिल्ली-110002 के लिए प्रकाशित तथा ज्योति प्रिंटिंग प्रेस, ई-94, सैक्टर-6, नोएडा-201301 से प्रकाशित एवं मुद्रित। (फोन : 011-23274771, 23260985 टेलीफैक्स : 23274216)
सम्पादक : प्रो० विट्ठलराव आर्य (सभा मन्त्री) मो.:0-9849560691, 0-9013251500 ई-मेल : sarvadeshik@yahoo.co.in, sarvadeshikarya@gmail.com वैबसाइट : www.vedicaryasamaj.com
वैदिक सार्वदेशिक साप्ताहिक में छपे लेखों तथा विचारों से सम्पादक या सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा की सैद्धान्तिक मतैक्यता होना अनिवार्य नहीं है।